9. विगत वर्ष 2003–2004 एवं 2004–05 में प्रतिवेदित माह तक सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0 के पास कितने मामले थे, कितने का निष्पादन हुआ और कितने मामले अभी लंबित हैं तथा सरकार के पक्ष में कितने मामलों में निर्णय हुआ और कितने का सरकार के विरूद्ध फैसला हुआ। यह प्रतिवेदन सभी संबंधित अधिवक्ता अगली बैठक से पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करावेगें ।

(अनुपालन सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील, सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

10. किन–किन अंचलों में कितने मामले तथ्य विवरणी तैयार करने हेतु लंबित हैं यह सूची सरकारी वकील द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। उप समाहर्त्ता विधि शाखा सभी अंचल अधिकारियों को अधोहस्ताक्षरी की ओर से तथ्य विवरणी तैयार करनवाली सूची की प्रति लगाते हुए अर्द्धसरकारी पत्र का प्रारूप अविलंब उपस्थापित करें।

(अनुपालन उपसमाहर्त्ता विधि शाखा)

11. सभी अधिवक्ताओं को निदेश दिया गया किमासिक/त्रैमासिक/छमाही एवं वार्षिक प्रतिवेदन दें कि कितने मामले सरकार के पक्ष में निष्पादित हुए और कितने विपक्ष में आदेश पारित हुआ है ।

(सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

12. सरकारी पदाधिकारियों एवं पुलिस की गवाही के लिए कितने मामले है तथा आरोप पत्र समर्पित करने हेतु कितने मामले है इस संबंध में लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक अगली बैठक के पूर्व प्रतिवेदन समर्पित करेगें।

(अनुपालन लोक अभियोजक अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक)

13. कितने बेल पिटिशन दाखिल किये गये,उसमें से कितना पिटिशन स्वीकृत हुआ एवं कितना आवेदन अस्वीकृत हुआ इसकी विवरणी अगली बैठक में लाई जाय।

(अनुपालन लोक अभियोजक द्वारा)

14. सरकारी राशि के गबन के आरोपी को सजा जरूर मिले यह सुनिश्चित किया जाय।

(अनुपालन जिला अभियोजन पदाधिकारी)

15. आवश्यक पत्राचार के बावजूद यदि कोई पक्ष उपस्थित नहीं होता है । वैसे मामलों की सूची उपलब्ध कराई जाय ।

(अनुपालनसभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी ।

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञाप सं0 /विधि. भभुआ दिनांक

प्रतिलिपि अपर समाहर्त्ता,कैमूर(भभुआ)/उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा,कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि लोक अभियोजक/सरकारी वकील/जिला अभियोजन पदाधिकारी,कैमूर(भभुआ)/सभी अपर लोक अभियोजक/सभी विशेष लोक अभियोजक/सभी सहायक सरकारी वकील/सभी सहायक लोक अभियोजक को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

आयुक्त पटना प्रमंडल को सूचनार्थ प्रेषित

जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सूचनार्थ प्रेषित

Scanned with OKEN Scanner

डॉ0बी0राजेन्दर,भा0प्र0से0,जिला दण्डाधिकारी,कैमूर की अध्यक्षता में दिनांक 25.09.2004 को हुई लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक तथा जिला अभियोजन पदाधिकारी की बैठक की कार्यवाही।

सरकार से संबंधित सभी मामलों को जिला विधि शाखा द्वारा कम्प्यूटराईज करा दिया गया है जिसके लिए विधि शाखा के प्रभारी प्रधान सहायक श्री जनार्दन पाण्डेय बधाई के पात्र है । इसके साथ ही श्री पाण्डेय को निदेश दिया गया कि इसकी एक प्रति और तैयार कराकर आयुक्त,पटना प्रमण्डल पटना को भेज दिया जाय ।

उपस्थितिः—

उपस्थिति की जांच की गयी और निदेश दिया गया कि बैठक में अनुपस्थित सभी अधिवक्ताओं से स्पष्टीकरण पूछा जाय ।

गत बैठक की कार्यवाही का अनुपालन

दिनांक—14.08.2004 को आयोजित बैठक में सभी सरकारी अधिवक्ताओं को निदेश दिया गया था कि सरकारी मुकदमों की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन अगली माह की बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दिया जाय लेकिन यह प्रतिवेदन अभी तक श्री आशकरन सिंह,श्री रामेश्वर सिंह विद्यार्थी,श्री अमरदेव सिंह,श्री गणेश प्रसाद,श्री अशोक कुमार पाण्डेय,श्री रामेश्वर पाठक, श्री रामसागर सिंह एवं अन्य द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है । इसपर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी । श्री अब्दुल वाहिद खां,लोक अभियोजक के अनुरोध पर पुनः अन्तिम मौका देते हुए निदेश दिया गया कि सभी सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी अधिवक्ता अपना अपना प्रतिवेदन लोक अभियोजक एवं सरकारी अधिवक्ता को प्रत्येक माह की 05 तारीख तक अवश्य उपलब्ध करा दें। लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता अपने अधीनस्थों से प्राप्त प्रतिवेदनों को प्रत्येक माह की 06 तारीख को जिला विधि शाखा को उपलब्ध करायेगें । इसी प्रकार विशेष लोक अभियोजक तथा जिला अभियोजन पदाधिकारी भी अपने अधीनस्थों से प्राप्त प्रतिवेदनों को जिला विधि शाखा को प्रत्येक माह की 6 तारीख को भेजेगें ।

जिला विधि शाखा के प्रभारी उप समाहर्त्ता को निदेश दिया गया कि लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0 से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर समेकित प्रतिवेदन अगली बैठक में तैयार रखेगें ताकि अल्प अवधि में बैठक की कार्रवाई सम्पन्न की जा सके । इसके अतिरिक्त निम्नांकित निदेश दिये गये :—

1. सभी अधिवक्ता प्रत्येक माह अधिक से अधिक मामले का निष्पादन सुनिश्चित करें और ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध करावें ।
2. जिला अभियोजन पदाधिकारी पूरे लगन एवं निष्ठा के साथ मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करावें।
3. सरकारी अधिवक्ता बिहार सरकार की जमीन से संबंधित दायर किये मामलों के संबंध में सहायक सरकारी अधिवक्ता वार निष्पादन की विवरणी उपलब्ध कराई जाय जिसमें यह अंकित रहेगा कि निष्पादित मामलों में से कितने मामलें सरकार के पक्ष में और कितने मामलों में विपक्ष में निष्पादित हुए हैं ।
4. अंचल अधिकारियों द्वारा ससमय बयान तहरीरी नहीं तैयार कराये जाने के प्रश्न पर निदेश दिया गया कि अंचलवार बिहार सरकार से संबंधित मामलों की विवरणी उपलब्ध कराई जाय ताकि अंचल अधिकारियों की मासिक बैठक में इसकी समीक्षा की जा सके।

(अनुपालनसभी लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता, विशेष लोक अभियोजक एव जिला अभियोजन पदा0 एवं विधि शाखा)।

5. गत बैठक में सरकारी अधिवक्ता, लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदाधिकारी के बैठने के लिए जगह संबंधी प्रश्न पर आश्वासन दिया गया कि अनुमण्डल परिसर में अवस्थित लाईब्रेरी के कमरे में लाईब्रेरी को शिफ्ट कर उसमें पी0पी0 को भी बैठने की व्यवस्था कर दी जायेगी लेकिन अभी तक यह सुनिश्चित नहीं हो पाई है। आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही उपरोक्त कार्य करा दिया जायेगा ।

Scanned with OKEN Scanner

6. अपर लोक अभियोजक के पद पर चयन हेतु अधिवक्ताओं की सूची प्राप्त हो चुकी है । बताया गया कि विहित प्रकिया के अनुसार भेजने की कार्रवाई की जायेगी ।

(अनुपालन प्रभारी उप समाहर्त्ता विधि शाखा द्वारा)

7. जिला अभियोजन पदाधिकारी को निदेश दिया गया था कि सरकारी राशि के गबन से संबंधित कितने मामले दायर किये गये है और उन मामलों में अबतक कोन सी कार्रवाई की गयी है, इन मामलों के लम्बित रहने का कारण क्या है इत्यादि से संबंधित पूर्ण विवरणी एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराया जाय । यह सूची प्राप्त हुई है। उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा इसकी समीक्षा कर संचिका में उपस्थापित करें।

(अनुपालन उप समाहर्त्ता विधि शाखा)

इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी राशि के गबन से संबंधित मामलों का निष्पादन शीघ्रतापूर्वक कराया जाय ।

(अनुपालन जिला अभियोजन पदाधिकारी)

8. गत बैठक में बिहार सरकार से संबंधित मामलों के संबंध में सहायक सरकारी अधिवक्ता को निदेश दिया गया था कि अंचलवार अलग अलग संचिका संधारित की जाय । इन मामलों की छानबीन कर अवगत कराया जाय कि इन मामलों में आदेश पारित करने के लिए किन किन कागजातों की आवश्यकता है । लेकिन अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया गया है।

चैनपुर अंचल अन्तर्गत सिकन्दरपुर मौजा के मुखिया श्री अनिल सिंह द्वारा वहां के कर्मचारी के साथ मारपीट किये जाने एवं सरकारी अभिलेख छीन लिये जाने के प्रश्न पर बताया गया अभिलेख वापस करने का आदेश सी.जे.एम.द्वारा दिया गया है। संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई आवश्यक है । इसलिए उसको गिरफ्तार करने हेतु आरक्षी अधीक्षक को पत्र लिखा जाय ।

(अनुपालन सहायक सरकारी अधिवक्ता,विधि शाखा द्वारा)

9. गत बैठक में सहायक सरकारी अधिवक्ता को निदेश दिया गया कि एक विवरणी तैयार की जाय जिसमें यह विवरणी अंकित रहेगी कि अंचलवार कुल कितने मामलों में लिखित बयान तहरीरी तैयार किये गये, तैयार किये गये लिखित बयान तहरीरी में कितने दाखिल हुए तथा कितने मामलों में लिखित बयान तहरीरी दाखिल करना शेष है । इसके साथ ही जिन अंचल अधिकारियों के स्तर पर इस प्रकार के मामले लम्बित हो तो अधोहस्ताक्षरी के स्तर से सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को पत्र लिखा जाय । इस निदेश का अनुपालन नहीं किया गया है । सहायक सरकारी अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि अन्य अंचलों से प्रतिवेदन प्राप्त हो रहा है लेकिन भभुआ अंचल से कोई सूचना नहीं दी जा रही है । इन्होंने बताया कि भभुआ एवं रामगढ़ में अभी भी बहुत सारे मामले लम्बित पडे हुए है । निदेश दिया गया कि दोनों अंचल अधिकारियों को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से अर्द्ध सरकारी पत्र लिखा जाय एवं अंचल अधिकारियों की मासिक बैठक में भी इस विषय को रखा जाय ।

(अनुपालन सहायक सरकारी अधिवक्ता द्वारा)

10. फिरौती हेतु अपहरण की घटनाओं पर रोक थाम के लिए एक कमिटि का गठन के बारे में सूचित करते हुए बताया गया था कि इस कमिटि में आरक्षी अधीक्षक एवं लोक अभियोजक सदस्य के रूप में नामित है । इस बैठक में आरक्षी अधीक्षक द्वारा कुल 33 मामलों की सूची दी गयी थी। इस संबंध में पूछे जाने पर बताया गया था कि 6 मामलों में रिहाई हो चुकी है, 12 मामलों में अभी तक कमिटमेन्ट नहीं है 15 मामले लम्बित बताये गये थे। निदेश दिया गया था कि लम्बित सभी 15 मामलों की सूची जिला गोपनीय शाखा को उपलब्ध करा दी जाय जिसमें यह स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए कि ये मामले किस कारण से लम्बित है । लेकिन अभी तक इसका अनुपालन नहीं हुआ है । पुनः निदेश दिया गया कि अविलम्ब लम्बित मामलों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय ।

(अनुपालन लोक अभियोजक द्वारा)

Scanned with OKEN Scanner

11. सम्मन का तामिला हेतु बल की कमी संबंधी प्रश्न पर आश्वासन दिया गया कि आरक्षी अधीक्षक से विचार विमर्श कर बल उपलब्ध कराने हेतु कार्रवाई की जायेगी । इसके लिए आरक्षी अधीक्षक को पत्र अधोहस्ताक्षरी की ओर से उपस्थापित किया जाय कि कन्स्टेबुल की जिला में कमी को देखते हुए चौकिदारों को भी इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाय ।

(अनुपालन उप समाहर्त्ता विधि शाखा)

12. जिलाधिकारी द्वारा सभी सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0 को निदेश दिया गया कि बैठक के एक सप्ताह पूर्व विगत बैठक में दिये गए निदेश के अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन विधि शाखा में प्राप्त करावेगें तथा उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा विधिवत प्राप्त प्रतिवेदनों को संचिका में अपनी टिप्पणी के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेगें जो नहीं किया गया है। उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा को पुनः निदेश दिया गया कि प्राप्त प्रतिवेदनों को उपस्थापित करें ।

(अनुपालन लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजनपदा0,प्रभारीपदा0विधि शाखा)

13. विगत वर्ष 2003–2004 एवं 2004–05 में प्रतिवेदित माह तक सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0 के पास कितने मामले थे, कितने का निष्पादन हुआ और कितने मामले अभी लंबित हैं तथा सरकार के पक्ष में कितने मामलें में निर्णय हुआ और कितने का सरकार के विरूद्व फैसला हुआ। यह प्रतिवेदन सभी संबंधित अधिवक्ता अगली बैठक से पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करावेगें ।

(अनुपालन सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील, सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

14. किन–किन अंचलों में कितने मामले तथ्य विवरणी तैयार करने हेतु लंबित हैं यह सूची सरकारी वकील द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। उप समाहर्त्ता विधि शाखा सभी अंचल अधिकारियों को अधोहस्ताक्षरी की ओर से तथ्य विवरणी तैयार करनेवाले वादों सूची संलग्न करते हुए अर्द्धसरकारी पत्र का प्रारूप अविलंब उपस्थापित करें।

(अनुपालन उपसमाहर्त्ता विधि शाखा)

15. गत बैठक में सभी अधिवक्ताओं को निदेश दिया गया था कि मासिक/त्रैमासिक/छमाही एवं वार्षिक प्रतिवेदन दें कि कितने मामले सरकार के पक्ष में निष्पादित हुए और कितने विपक्ष में आदेश पारित हुआ है। स्पष्ट हुआ कि त्रैमासिक प्रतिवेदन दिया जाता है । निदेश दिया गया कि मासिक प्रतिवेदन भी दिया जाय ।

(सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

16. सरकारी पदाधिकारियों एवं पुलिस की गवाही के लिए कितने मामले है तथा आरोप पत्र समर्पित करने हेतु कितने मामले है इस संबंध में लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक अगली बैठक के पूर्व प्रतिवेदन समर्पित करेगें।

(अनुपालन लोक अभियोजक अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक)

17. कितने बेल पिटिशन दाखिल किये गये,उसमें से कितना पिटिशन स्वीकृत हुआ एवं कितना आवेदन अस्वीकृत हुआ इसकी विवरणी अगली बैठक में लाये जाने संबंधी प्रश्न पर लोक अभियोजक द्वारा बताया गया कि अगस्त माह में 106 बेल पिटिशन दाखिल किये गये जिसमें से 74 आवेदन खारिज कर दिये गये शेष आवेदन स्वीकृत हुआ है।

18. जिला अभियोजन पदाधिकारी ने बताया कि 58 बेल पिटिशन दायर किये गये थे जिसमें 49 खारिज हो गये है सिर्फ 9 स्वीकृत हुआ है ।

Scanned with OKEN Scanner

19. आवश्यक पत्राचार के बावजूद यदि कोई पक्ष उपस्थित नहीं होता है । वैसे मामलों की सूची उपलब्ध कराई जाय ।

(अनुपालनसभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील, सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी ।

Rajendra 7/10/2004

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञाप सं0 1564 /विधि. भभुआ दिनांक 7.10.04

प्रतिलिपि अपर समाहर्त्ता,कैमूर(भभुआ)/उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा,कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि लोक अभियोजक/सरकारी वकील/जिला अभियोजन पदाधिकारी,कैमूर (भभुआ)/सभी अपर लोक अभियोजक/सभी विशेष लोक अभियोजक/सभी सहायक सरकारी वकील/सभी सहायक लोक अभियोजक को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ प्रेषित ।

Rajendra 7/10/2004

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञापांक– 1564 दिनांक– 7.10.04

प्रतिलिपि सचिव,विधि एवं न्याय विभाग बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि आयुक्त पटना प्रमण्डल पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।

Rajendra 7/10/2004

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

Scanned with OKEN Scanner

डॉ0बी0राजेन्दर,भा0प्र0से0,जिला दण्डाधिकारी,कैमूर की अध्यक्षता में दिनांक 09.10.04 को हुई लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक तथा जिला अभियोजन पदाधिकारी की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः—

उपस्थिति की जांच की गयी और निदेश दिया गया कि बैठक में अनुपस्थित सभी अधिवक्ताओं से स्पष्टीकरण पूछा जाय ।

गत बैठक की कार्यवाही का अनुपालन

दिनांक—25.09.2004 की बैठक में विभिन्न न्यायालयों में चल रहे मामलों एवं उसके निष्पादन की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त हुए है लेकिन अभी भी कुछ अधिवक्ताओं द्वारा प्रतिवेदन नहीं दिया गया है । बार बार निदेशित किये जाने के बावजूद प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा पाने की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया ।

अधिवक्ताओं से प्राप्त प्रतिवेदन का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि निष्पादित मामलों की स्थिति संतोषजनक नहीं है । सरकारी अधिवक्ता द्वारा पूरे वर्ष में सिर्फ 05 मामलों का निष्पादन कराया गया है । इसी प्रकार लोक अभियोजन एवं सहायक लोक अभियोजक द्वारा पूरे वर्ष में सिर्फ 14 मामले निष्पादित कराये गये है। पूरे वर्ष 2004 में विगत नव माह की अवधि में इस निष्पादन की स्थिति को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है । निदेश दिया गया कि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराया जाय ।

जिला अभियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 57 बेलपिटिशन दाखिल किये गये थे जिसमें से 10 स्वीकृत हुए है और 47 आवेदन अस्वीकृत हुए है। इस स्थिति पर संतोष व्यक्त किया गया ।

सरकारी अधिवक्ता द्वारा सिर्फ दो अंचल के लम्बित मामलों की सूची उपलब्ध करा दी गयी है लेकिन उनके द्वारा दाखिल किये जानेवाले मामलों की विवरणी नहीं प्रस्तुत की गयी है । अतः निदेश दिया गया कि:—

1. श्री जनार्दन पाण्डेय सरकार से संबंधित दाखिल किये गये मामलों की सूची तैयार करें ।
2. सरकारी अधिवक्ता द्वारा सिर्फ दो अंचलों की सूची उपलब्ध कराई गयी है जबकि उन्हें सभी सहायक सरकारी अधिवक्ताओं से प्रतिवेदन प्राप्त कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था । पुनः निदेश दिया गया कि उक्त निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें ।
3. प्रत्येक माह स्थानान्तरित होनेवाले मामलों की विवरणी उपलब्ध कराई जाय ।
3. सभी अधिवक्ता प्रत्येक माह अधिक से अधिक मामले का निष्पादन सुनिश्चित करें और ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध करावें ।
4. जिला अभियोजन पदाधिकारी एवं अन्य सरकारी अधिवक्ता पूरे लगन एवं निष्ठा के साथ मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करावें।
5. गत बैठक में सरकारी अधिवक्ता को बिहार सरकार की जमीन से संबंधित दायर किये मामलों के संबंध में सहायक सरकारी अधिवक्ता वार निष्पादन की विवरणी उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया था जिसमें यह अंकित रहेगा कि निष्पादित मामलों में से कितने मामलें सरकार के पक्ष में और कितने मामले विपक्ष में निष्पादित हुए हैं । अनुपालन में उन्होंने सिर्फ दो

अंचल की विवरणी उपलब्ध कराया है जो उचित नहीं है । सरकारी अधिवक्ता को सभी सहायक अधिवक्ता वार विवरणी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

6. अंचल अधिकारियों द्वारा ससमय बयान तहरीरी नहीं तैयार कराये जाने के प्रश्न पर निदेश दिया गया कि अंचलवार बिहार सरकार से संबंधित मामलों की विवरणी उपलब्ध कराई जाय ताकि अंचल अधिकारियों की मासिक बैठक में इसकी समीक्षा की जा सके।

(अनुपालनसभी लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता, विशेष लोक अभियोजक एव जिला अभियोजन पदा0 एवं विधि शाखा)।

7. गत बैठक में सरकारी अधिवक्ता, लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदाधिकारी के बैठने के लिए जगह संबंधी प्रश्न पर आश्वासन दिया गया कि अनुमण्डल परिसर में अवस्थित लाईब्रेरी के कमरे में लाईब्रेरी को शिफ्ट कर उसमें पी0पी0 को भी बैठने की व्यवस्था कर दी जायेगी लेकिन अभी तक यह सुनिश्चित नहीं हो पाई है। आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही उपरोक्त कार्य करा दिया जायेगा ।

8. अपर लोक अभियोजक के पद पर चयन हेतु अधिवक्ताओं की सूची प्राप्त हो चुकी है । बताया गया कि विहित प्रकिया के अनुसार भेजने की कार्रवाई की जायेगी ।

(अनुपालन प्रभारी उप समाहर्त्ता विधि शाखा द्वारा)

9. जिला अभियोजन पदाधिकारी से सरकारी राशि के गबन से संबंधित प्राप्त मामलों की समीक्षा कर उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा संचिका में उपस्थापित करें।

(अनुपालन उप समाहर्त्ता विधि शाखा)

इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी राशि के गबन से संबंधित मामलों का निष्पादन तत्परतापूर्वक कराया जाय।

(अनुपालन जिला अभियोजन पदाधिकारी)

10. गत बैठक में बिहार सरकार से संबंधित मामलों के संबंध में सरकारी अधिवक्ता को निदेश दिया गया था कि अंचलवार अलग अलग संचिका संधारित की जाय। इन मामलों की छानबीन कर अवगत कराया जाय कि इन मामलों में आदेश पारित करने के लिए किन किन कागजातों की आवश्यकता है। लेकिन अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया गया है।पुनः निदेश दिया गया कि तत्संबंधी विवरणी उपलब्ध कराया जाय ।

(अनुपालन सहायक सरकारी अधिवक्ता,विधि शाखा द्वारा)

11. गत बैठक में सहायक सरकारी अधिवक्ता को निदेश दिया गया कि एक विवरणी तैयार की जाय जिसमें यह विवरणी अंकित रहेगी कि अंचलवार कुल कितने मामलों में लिखित बयान तहरीरी तैयार किये गये, तैयार किये गये लिखित बयान तहरीरी में कितने दाखिल हुए तथा कितने मामलों में लिखित बयान तहरीरी दाखिल करना शेष है। इसके साथ ही जिन अंचल अधिकारियों के स्तर पर इस प्रकार के मामले लम्बित हो तो अधोहस्ताक्षरी के स्तर से सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को पत्र लिखा जाय । इस निदेश का अनुपालन नहीं किया गया है । सहायक सरकारी अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि अन्य अंचलों से प्रतिवेदन प्राप्त हो रहा है लेकिन

10/

भभुआ अंचल से कोई सूचना नहीं दी जा रही है । इन्होंने बताया कि भभुआ में अभी भी बहुत सारे मामले लम्बित पड़े हुए है । निदेश दिया गया कि अंचल अधिकारी भभुआ को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से अर्द्ध सरकारी पत्र लिखा जाय एवं अंचल अधिकारियों की मासिक बैठक में भी इस विषय को रखा जाय ।

(अनुपालन सहायक सरकारी अधिवक्ता द्वारा)

12. फिरौती हेतु अपहरण की घटनाओं पर रोक थाम के लिए एक कमिटि का गठन के बारे में सूचित करते हुए बताया गया था कि इस कमिटि में आरक्षी अधीक्षक एवं लोक अभियोजक सदस्य के रूप में नामित होने की जानकारी देते हुए निदेश दिया गया था कि लम्बित सभी 15 मामलों की सूची जिला गोपनीय शाखा को उपलब्ध करा दी जाय जिसमें यह स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए कि ये मामले किस कारण से लम्बित है । लेकिन अभी तक इसका अनुपालन नहीं हुआ है । पुनः निदेश दिया गया कि अविलम्ब लम्बित मामलों से संबंधित प्रतिवेदन अगले माह की बैठक के पूर्व अवश्य उपलब्ध कराया जाय ।

(अनुपालन लोक अभियोजक द्वारा)

13. सम्मन का तामिला हेतु बल की कमी संबंधी प्रश्न पर आश्वासन दिया गया कि आरक्षी अधीक्षक से विचार विमर्श कर बल उपलब्ध कराने हेतु कार्रवाई की जायेगी । इसके लिए आरक्षी अधीक्षक को पत्र अधोहस्ताक्षरी की ओर से उपस्थापित किया जाय कि कन्स्टेबुल की जिला में कमी को देखते हुए चौकिदारों को भी इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाय ।

(अनुपालन उप समाहर्त्ता विधि शाखा)

14. सभी सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0 को निदेश दिया गया कि बैठक के एक सप्ताह पूर्व विगत बैठक में दिये गए निदेश का अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन विधि शाखा में प्राप्त करावेगें तथा उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा विधिवत प्राप्त प्रतिवेदनों को संचिका में अपनी टिप्पणी के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेगें ।

(अनुपालन लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजनपदा0,प्रभारीपदा0विधि शाखा)

15. विगत वर्ष 2003–2004 एवं वर्तमान वर्ष 2004–05 में प्रतिवेदित माह तक सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0 के पास कितने मामले थे, कितने का निष्पादन हुआ और कितने मामले अभी लंबित हैं तथा सरकार के पक्ष में कितने मामलों में निर्णय हुआ और कितने का सरकार के विरूद्ध फैसला हुआ। यह प्रतिवेदन सभी संबंधित अधिवक्ता अगली बैठक से पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करावेगें ।

(अनुपालन सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील, सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

Scanned with OKEN Scanner

16. किन–किन अंचलों में कितने मामले तथ्य विवरणी तैयार करने हेतु लंबित हैं यह सूची सरकारी वकील द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। उप समाहर्त्ता विधि शाखा सभी अंचल अधिकारियों को अधोहस्ताक्षरी की ओर से तथ्य विवरणी तैयार करनवाले वादों सूची संलग्न करते हुए अर्द्धसरकारी पत्र का प्रारूप अविलंब उपस्थापित करें।

(अनुपालन उपसमाहर्त्ता विधि शाखा)

17. सरकारी पदाधिकारियों एवं पुलिस की गवाही के लिए कितने मामले है तथा आरोप पत्र समर्पित करने हेतु कितने मामले है इस संबंध में लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक अगली बैठक के पूर्व प्रतिवेदन समर्पित करेगें।

(अनुपालन लोक अभियोजक अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक)

18. जिला अभियोजन पदाधिकारी ने बताया कि 57 बेल पिटिशन दायर किये गये थे जिसमें 47 खारिज हो गये है सिर्फ 10 स्वीकृत हुआ है।

19. आवश्यक पत्राचार के बावजूद यदि कोई पक्ष उपस्थित नहीं होता है। वैसे मामलों की सूची उपलब्ध कराई जाय ।

20. अधिवक्ताओं द्वारा किये गये कार्य का भुगतान लम्बित रहने के प्रश्न पर निदेश दिया गया कि सभी संबंधित अधिवक्ता अपना अपना विपत्र बनाकर अविलम्ब प्रस्तुत करें ताकि भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

21. सरकार से निर्धारित दर की सूचना सभी अधिवक्ताओं को उपलब्ध करा दिया जाय ।

(अनुपालनसभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सहायक सरकारी वकील, सहायक सरकारी वकील,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदा0)

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी ।

Rajendra 10.10.2004

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञाप सं0 1580 /विधि. भभुआ दिनांक 11.10.04

प्रतिलिपि अपर समाहर्त्ता,कैमूर(भभुआ)/उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा, कैमूर (भभुआ) को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि लोक अभियोजक/सरकारी वकील/जिला अभियोजन पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)/सभी अपर लोक अभियोजक/सभी विशेष लोक अभियोजक/सभी सहायक सरकारी वकील/सभी सहायक लोक अभियोजक को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ प्रेषित ।

Rajendra 10.10.2004

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञापांक– 1580 दिनांक– 11.10.04

प्रतिलिपि सचिव,विधि एवं न्याय विभाग बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि आयुक्त पटना प्रमण्डल पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित

Rajendra 10.10.2004

जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

Scanned with OKEN Scanner

डा0 बी0 राजेन्दर,भा0प्र0से0 जिला दण्डाधिकारी कैमूर की अध्यक्षता में दिनांक–13.11.2004को हुई लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक, सरकारी वकील,सहायक सरकारी वकील, विशेष लोक अभियोजक तथा जिला अभियोजन पदाधिकारी की बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

उपस्थिति पंजी के अनुसार

गत बैठक की कार्यवाही का अनुपालन

पूर्व की बैठक में सरकारी अधिवक्ताओं/अपर लोक अभियोजकों को यह निदेश दिया जाता रहा है कि बैठक की तिथि से एक सप्ताह पूर्व विहित प्रपत्र में उनसे संबंधित वादों की विवरणी जिला विधि शाखा को हस्तगत करा दें ताकि विधि शाखा के द्वारा उसका संकलन कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित किया जा सके । यह प्रतिवेदन सरकारी अधिवक्ता एवं लोक अभियोजक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। समीक्षा के क्रम में यह परिलक्षित हुआ है कि अभी भी ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती जा रही है। निदेश दिया गया कि निधारित विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन हर माह की 05 वीं तारीख तक सभी सहायक सरकारी अधिवक्ता सरकारी अधिवक्ता को एवं सभी अपर लोक अभियोजक लोक अभियोजक तथा सहायक अभियोजन पदाधिकारी जिला अभियोजन पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगें । जो उसे संकलित कर माह की 06 वीं तारीख तो जिला विधि शाखा को भेजना सुनिश्चित करेगें।यह भी निदेश दिया गया कि विहित प्रपत्र के पृष्ठ भाग में निष्पादित वादों की विवरणी भी अंकित की जाय । यदि किसी अधिवक्ता को प्रपत्र उपलब्ध नहीं हो पाया हो तो वे विधि शाखा से प्रपत्र प्राप्त कर लें।

(अनुपालन सभी सहायक सरकारी अधिवक्ता/सरकारी अधिवक्ता/सभी सहायक अपर लोक अभियोजक/लोक अभियोजक/सभी विशेष लोक अभियोजक/सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी/जिला अभियोजन पदाधिकारी/उप समाहर्त्ता विधि शाखा)

1. गत बैठक में सरकारी अधिवक्ता,लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदाधिकारी के बैठने के लिए जगह की मांग किये जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि आज ही अपराह्न में स्थल का निरीक्षण कर बैठने के लिए जगह उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जायेगी । स्थल का निरीक्षण भी अनुमण्डल पदाधिकारी भभुआ के साथ किया जा चुका है तथा अनुमण्डल पदाधिकारी को अनुमण्डल परिसर में अवस्थित लाईब्रेरी को शिफ्ट कर उसमें पी0पी0 को भी बैठने की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया था लेकिन अभी तक यह व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो पाई है । आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही उपरोक्त कार्य करा दिया जायेगा ।
2. अपर लोक अभियोजको के पद पर चयन हेतु प्राप्त अधिवक्ताओं के नामों की सूची सहमति हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैमूर(भभुआ) को भेजी जा चुकी है । अनुशंसित सूची प्राप्त होते ही उप समाहर्त्ता विधि सरकार को भेजने हेतु प्रस्ताव संचिका में उपस्थापित करेगें ।

(अनुपालन उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि)

3. जिला अभियोजन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सरकारी राशि के गबन से संबंधित मामलों की विवरणी जिला विधि शाखा को उपलब्ध कराई गयी है । निदेश दिया गया कि जिला अभियोजन पदाधिकारी नियमित रूप से ऐसे मामलों का सतत् अनुश्रवण करेगें तथा सरकार के पक्ष की सभी आवश्यक सूचनायें/प्रदर्श/गवाही आदि की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने हेतु निरन्तर प्रयत्नशील रहेगें । वे इन मामलों में अबतक क्या कार्रवाई की गयी है का सम्पूर्ण विवरण जिला विधि शाखा को उपलब्ध करायेगें ।

Scanned with OKEN Scanner

उप समाहर्त्ता विधि शाखा उसे अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ संचिका उपस्थापित करेगें ।

(अनुपालन जिला अभियोजन पदाधिकारी/उप समाहर्त्ता विधि)

4. गत बैठक में बिहार सरकार से संबंधित मामलों के संबंध में सहायक सरकारी अधिवक्ता को निदेश दिया गया था कि अंचलवार अलग अलग संचिका संधारित की जाय । इन मामलों की छानबीन कर अवगत कराय जाय कि इन मामलों में आदेश पारित करने के लिए किन किन कागजात की आवश्यकता है। लेकिन अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया गया है निदेश दिया गया कि उक्त सूची उपलब्ध कराई जाय ताकि मामलों के निष्पादन की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराया जा सके।

(अनुपालन सहायक सरकारी अधिवक्ता)

5. सरकारी अधिवक्ता को पूर्व में निदेश दिया गया था कि अंचलवार एक विवरणी तैयार कर लिया जाय जिसमें सरकार से संबंधित मामलों में दायर किये गये बयान तहरीरी एवं लम्बित बयान तहरीरी का विवरण दर्ज रहेगा ताकि लम्बित मामलों में अंचल अधिकारियों को बयान तहरीरी तैयार कराने हेतु निदेशित किया जा सके । उप समाहर्त्ता विधि के द्वारा बताया गया कि अंचलवार जनवरी 2004 से अद्यतक ऐसे मामलों को सूचीबद्ध किया जा चुका है तथा लहम्बित मामलों में बयान तहरीरी उपलब्ध कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी के स्तर से संबंधित अंचल अधिकारियों को अर्द्ध सरकारी के द्वारा स्मारित भी किया गया है। जैसा कि सरकारी अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि इसके सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हुए है तथापि अभी भी बहुत ऐसे मामलों में बयान तहरीरी अप्राप्त है । उप समाहर्त्ता विधि के द्वारा स्पष्ट किया गया कि दिनांक–01.01.2004 से पूर्व के मामलों की सूची तैयार कराई जा रही है प्रधान लिपिक जिला विधि शाखा को निदेशित किया गया कि वे ऐसे मामलों को अंचलवार सूचीबद्ध कर लें तथा जिन अंचलों से बयान तहरीरी प्राप्त की जानी है उन्हें अधोहस्ताक्षरी के स्तर से अर्द्ध सरकारी पत्रा के द्वारा स्मारित किया जाय । सहायक सरकारी अधिवक्ताओं को भी निदेशित किया गया कि वे विधि शाखा में बैठकर पूर्व के लम्बित ऐसे मामलों की तैयारी में अपना सहयोग करें तथा अपने रेकर्ड से तुलना कर यह सुनिश्चित कर लें कि कोई मामला अप्रतिवेदित तो नहीं रह गया है । उल्लेखनीय है कि सरकारी मामलों में पूरे तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना जितना सरकारी कर्मी के लिए आवश्यक है उतना ही दायित्व सरकार के द्वारा नियुक्त सरकारी अधिवक्ता का भी है ।

(अनुपालन सभी सरकारी अधिवक्ता/सहायक सरकारी अधिवक्ता एवंप्रधान लिपिक जिला विधि शाखा)

6. लोक अभियोजक के द्वारा फिरौती से संबंधित मामलों में प्रतिवेदन शीलबन्द लिफाफे में उपलब्ध कराया गया । जिसे गोपनीय शाखा में संधारित करने का निदेश दिया गया । लोक अभियोजक को निदेशित किया गया कि हर मासिक बैठकों में वे इसीतरह से अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध करायेगें ।

(अनुपालन लोक अभियोजक/जिला गोपनीय शाखा)

7. सम्मन का तामिला हेतु बल की कर्मी संबंधी प्रश्न पर आश्वासन दिया गया कि आरक्षी अधीक्षक से विचार विमर्श कर बल उपलब्ध कराने हेतु कार्रवाई की जायेगी।इसके लिए आरक्षी अधीक्षक को अधोहस्ताक्षरी की ओर से पत्र उपस्थापित किया जाय कि कन्स्टेबुल की कमी को देखते हुए चौकीदारों को भी इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाय ।

(अनुपालन उप समाहर्त्ता विधि शाखा)

8. जिला दण्डाधिकारी द्वारा सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता,सहायक सरकारी अधिवक्ता,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि बैठक के एक सप्ताह पूर्व विगत बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन जिला विधि शाखा को प्राप्त करायेगें तथा उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा विधिवत प्राप्त प्रतिवेदनो को संचिका में अपनी टिप्पणी के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेगें ।

(अनुपालन लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता, सहायक सरकारी अधिवक्ता,विशेषलोकअभियोजक एवं जिलाअभियोजन पदा0)

9. विगत वर्ष 2003–2004 एवं 2004–05 में प्रतिवेदित माह तक सभी लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता,सहायक सरकारी अधिवक्ता,विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदाधिकारी के पास कुल कितने मामले थे,कितने का निष्पादन हुआ और कितने मामले अभी लम्बित हैं तथा सरकार के पक्ष में कितने मामलों में निर्णय हुआ और कितने का सरकार के विरूद्ध फैसला हुआ । यह प्रतिवेदन सभी संबंधित अधिवक्ता अगली बैठक से पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें ।

(अनुपालन लोक अभियोजक,सहायक लोक अभियोजक,सरकारी अधिवक्ता, सहायक सरकारी अधिवक्ता,विशेषलोकअभियोजक एवं जिलाअभियोजन पदा0)

10. माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित मामलों की समीक्षा के कम में सरकारी अधिवक्ता/विशेष लोक अभियोजक/लोक अभियोजक को निदेशित किया गया कि याचिका की प्रति प्राप्त होते ही दो दिन के अन्दर तथ्य विवरणी तैयार कर संबंधित विभाग के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को अनुमोदनार्थ प्रेषित करेगें । इसमें किसी भी तरह की शिथिलता स्वाभ्य नहीं होगा । सरकारी अधिवक्ता एवं विशेष लोक अभियोजक को निदेशित किया गया कि आगामी माह में वे इस आशय का प्रतिवेदन लायेगें कि उनके द्वारा ऐसे कितने मामलों में तथ्य विवरणी तैयार कर उपलब्ध करा दिये गये तथा कितने मामले लम्बित है ।

(अनुपालन सरकारी अधिवक्ता/लोक अभियोजक/विशेष लोक अभियोजक)

11. सरकारी पदाधिकारियों एवं पुलिस की गवाही के लिए कितने मामले हैं तथा आरोप पत्रा समर्पित करने हेतु कितने मामले हैं इस संबंध में लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक तथा विशेष लोक अभियोजक अगली बैठक के पूर्व प्रतिवेदन समर्पित करेगें ।

(अनुपालनलोक अभियोजक,अपरलोकअभियोजक तथा विशेषलोक अभियोजक)

12. बेल पिटिशन के संबंध में गत बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन में प्रतिवेदित किया गया जो निम्न प्रकार है:—

कमांक	लोकअभियोजक/विशेष लोकअभियोजक/जिला अभियोजनपदा0का नाम	कुल दाखिल बेलपिटीशन	निष्पादित	स्वीकृत	अस्वीकृत
1	श्री अब्दुल वाहिद खां	111	91	43	48
2	जिलाअभियोजन पदाधिकारी	अनुपस्थित है जिसके कारण समीक्षा नहीं हो सकी			

निदेश दिया गया कि प्रत्येक माह आयोजित बैठकों में बेल पिटिशन के दाखिल,निष्पादित, स्वीकृत एवं अस्वीकृत होने संबंधी विवरणी उपलब्ध कराई जाय ।

Scanned with OKEN Scanner

(अनुपालन लोक अभियोजक)

13. सरकारी राशि गबन के आरोपी को सजा जरूर मिले इसे सुनिश्चित किया जाय ।

(अनुपालन जिला अभियोजन पदाधिकारी)

14. आवश्यक पत्राचार के बावजूद यदि कोई पक्ष उपस्थित नहीं होता है, वैसे मामलों की सूची उपलब्ध कराई जाय ।

(अनुपालनलोकअभियोजक,सहायकलोकअभियोजक,सरकारी अधिवक्ता,सहायक सरकारी अधिवक्ता,विशेष लोक अभियोजक एवंजिला अभियोजन पदा0)

15. उप समाहर्त्ता जिला विधि शाखा को निदेशित किया गया कि सरकारी अधिवक्ता,लोक अभियोजक,अपर लोक अभियोजक एवं अन्य के द्वारा जो विपत्र प्रस्तुत किया गया उसकी जांच कर संचिका में उपस्थापित करें । प्रधान लिपिक–सह–लेखापाल जिला विधि शाखा को निदेशित किया गया कि ऐसे मामलों को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आलोक में विपत्रों की जांच कर प्रस्ताव देगें ।

(अनुपालन प्रधान लिपिक जिला विधि शाखा)

16. आज की बैठक में अनुपस्थित रहनेवाले अधिवक्ताओं से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया साथ ही साथ जिनके द्वारा प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया है उनसे भी स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालन जिला विधि शाखा)

धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी ।

(हस्ताक्षर) 5.12.20..

(डा0 बी0राजेन्दर)
जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञापांकः– 2017 दिनांक– 6.12.04

प्रतिलिपि अपर समाहर्त्ता कैमूर(भभुआ)/उप समाहर्त्ता प्रभारी विधि शाखा कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि लोक अभियोजक/सभी अपर लोक अभियोजक/सरकारी अधिवक्ता/सहायक सरकारी अधिवक्ता/जिला अभियोजन पदाधिकारी/सभीअपर लोक अभियोजक/विशेष लोक अभियोजक को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 5.12.

(डा0 बी0राजेन्दर)
जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञापांकः– 2017 दिनांक– 6.12.04

प्रतिलिपि सचिव,विधि एवं न्याय विभाग बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि आयुक्त पटना प्रमण्डल पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 5.12.

(डा0 बी0राजेन्दर)
जिला दण्डाधिकारी,
कैमूर(भभुआ)

Scanned with OKEN Scanner